संख्या- 22/2017/1911 /12-2-2017-60(3)/2016 टी0सी0

प्रेषक,

रजनीश गुप्ता,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
शामली/मेरठ/बुलन्दशहर/गाजियाबाद/अलीगढ/हाथरस/एटा/कासगंज/मथुरा/मैनपुरी/बरेली/बदायूँ/शाहजहॉपुर/पीलीभीत/मुरादाबाद/अमरोहा/रामपुर/फर्रूखाबाद/कन्नौज/इटावा/कानपुरदेहात/इलाहाबाद/ललितपुर/जालौन/हमीरपुर/महोबा/चन्दौली/गाजीपुर/जौनपुर/मिर्जापुर/सोनभद्र/भदोही/आजमगढ/मऊ/गोरखपुर/महराजगंज/कुशीनगर/बस्ती/सिद्धार्थनगर/लखनऊ/उन्नाव/रायबरेली/सीतापुर/हरदोई/लखीमपुरखीरी/फैजाबाद/अम्बेडकरनगर/सुल्तानपुर/बलरामपुर तथा बहराइच।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक : 15 जून, 2017

विषय- वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 के खरीफ व रबी मौसम में प्रदेश में **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** को लागू किया जाना।

महोदय,

शासनादेश संख्या-8/2017/1231/12-2-2017-60(3)/2016 दिनांक 22 अप्रैल, 2017, शासनादेश संख्या-1541/12-2-2017-60(3)/2016 टी0सी0, दिनांक 19 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या-1626/12-2-2017-60(3)/2016 टी0सी0, दिनांक 19 मई, 2017 के क्रम में वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 के खरीफ व रबी मौसम में प्रदेश के उक्त जनपदों में निम्नलिखित प्राविधानानुसार प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना को लागू किए जाने का मुझे निदेश हुआ है:-

1- योजना को भारत सरकार के अ०शा०पत्र संख्या: 13015/02/2015-क्रेडिट-।।, दिनांक 22 फरवरी, 2016 द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों एवं प्रदेश सरकार के उक्त संदर्भित शासनादेश 22 अप्रैल, 2017 एवं शासनादेश दिनांक 19 मई, 2017 में निर्गत निर्देशों तथा समय-समय पर भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी किये गये दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रदेश में संचालित किया जायेगा।

2- योजना में अधिसूचित क्षेत्र (ग्राम पंचायत) में अधिसूचित फसलों को निम्न जोखिमों से क्षति होने की स्थिति में फसल के उत्पादक कृषकों, जिनके द्वारा फसल का बीमा कराया गया है, को बीमा कवर के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी:-

(i) अधिसूचित क्षेत्र में प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों के कारण फसल की बुवाई न कर पाना/असफल बुवाई की स्थिति,

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(ii) अधिसूचित क्षेत्र में फसल की बुवाई से कटाई की समयावधि में (खड़ी फसलों को) प्राकृतिक आपदाओं यथा सूखा अथवा शुष्क स्थिति, बाढ़, जलप्लावन, ओला, भूस्खलन, प्राकृतिक आग या आकाशीय बिजली, तूफान, चक्रवात व अन्य रोके न जा सकने वाले जोखिमों यथा रोगों, कृमियों आदि से फसल की क्षति की स्थिति,

(iii) व्यक्तिगत बीमित कृषक के स्तर पर खड़ी फसलों को स्थानिक आपदाओं- ओलावृष्टि, भू-स्खलन व जलप्लावन से फसल की क्षति की स्थिति,

(iv) व्यक्तिगत बीमित कृषक के स्तर पर फसल की कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी गयी कटी हुयी फसल को बेमौसम/ चक्रवाती वर्षा व चक्रवात से क्षति की स्थिति।

फसलों की दुर्भावनापूर्ण क्षति एवं अन्य रोके जा सकने वाले जोखिमों से क्षति को योजनान्तर्गत कवर नहीं किया गया है।

3- अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल को उगाने वाले सभी कृषक (बटाईदार व किराये पर खेती करने वाले कृषकों सहित) द्वारा सम्बन्धित वर्ष के <u>खरीफ मौसम में दिनांक **31 जुलाई** एवं रबी मौसम में दिनांक **31 दिसम्बर** की अन्तिम तिथि तक</u> प्रीमियम की कटौती कराते हुए निम्नवत योजना में सम्मिलित हुआ जा सकेगा:-

(i) ऋणी कृषक:-वित्तीय संस्थाओं-व्यवसायिक/ग्रामीण/सहकारी बैंक शाखाओं/ प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) से मौसम विशेष में अधिसूचित फसलों हेतु अल्प कालीन कृषि प्रचालन ऋण लेने वाले समस्त ऋणी कृषकों को सम्बन्धित बैंक शाखा/संस्था द्वारा **अनिवार्य रूप से** योजना में कवर किया जायेगा।

(ii) गैर ऋणी कृषक:- अन्य सभी कृषक, जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हैं, द्वारा अपनी इच्छानुसार मौसम विशेष में अधिसूचित फसल का बीमा निकटतम् बैंक शाखा/क्रियान्वयन अभिकरण के मध्यस्थ अथवा अधिकृत एजेन्ट के माध्यम से कराया जा सकेगा।

- गैर ऋणी कृषक द्वारा योजना में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित प्रस्ताव फार्म में सूचनायें अंकित करते हुए प्रीमियम की धनराशि को बैंक शाखा/ क्रियान्वयन अभिकरण के मध्यस्थ अथवा एजेन्ट, जो लागू हो, के पास आवश्यक अभिलेखीय साक्ष्यों (भू स्वामित्व अथवा बटाई अथवा किराये पर खेती की स्थिति में अनुबन्ध की प्रति, जो लागू हो आदि) के साथ जमा करना होगा। बैंक शाखा/क्रियान्वयन अभिकरण के मध्यस्थ अथवा एजेन्ट द्वारा प्रस्ताव फार्म में भरी गयी सूचना-बीमित फसल, बीमित क्षेत्र, बीमित राशि, प्रीमियम आदि की पुष्टि सुनिश्चित की जायेगी। कृषक का बैंक खाता होना अनिवार्य है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

- गैर ऋणी कृषकों द्वारा वैकल्पिक रूप से अपने निकटतम बैंक शाखा अथवा बीमा कम्पनी के अधिकृत एजेण्ट अथवा सीधे क्रियान्वयन अभिकरण को व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा अथवा सीधे क्रियान्वयन अभिकरण के कार्यालय द्वारा भी फसलों का बीमा कराया जा सकेगा।

(iii) ऋणी अथवा गैर ऋणी कृषक द्वारा अग्रिम फसल बुवाई योजना (Advance Crop Planning) के आधार पर फसलों की वास्तविक बुवाई से पूर्व योजना में सम्मिलित हुआ जा सकेगा। यदि किसी कारण से कृषक द्वारा नियोजित फसल के स्थान पर कोई अन्य फसल बोई जाती है, तो ऐसी स्थिति में कृषक बीमा कराने की निर्धारित तिथि के 30 दिन तक की अवधि में सम्बन्धित बैंक/बीमा मध्यस्थ अथवा एजेण्ट/सीधे क्रियान्वयन अभिकरण को संशोधित फसल हेतु अतिरिक्त प्रीमियम (यदि आवश्यक हो) के साथ सूचित करते हुए फसल का बीमा कराया जा सकेगा। जिसका सत्यापन/पुष्टि स्वयं क्रियान्वयन अभिकरण के द्वारा किया जायेगा।

4- खरीफ व रबी मौसम में निम्न फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर फसल के 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल होने की स्थिति में अधिसूचित किया गया है:-

खरीफ - धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूँग, अरहर, मूंगफली, तिल व सोयाबीन।

रबी - गेहूँ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों व आलू।

जनपदवार अधिसूचित फसल का विवरण **परिशिष्ट-1** में उल्लिखित है।

योजना के अन्तर्गत अधिसूचित क्षेत्रों (ग्राम पंचायत) में अधिसूचित फसलों, जिनका बीमा कृषकों द्वारा कराया जा सकेगा, का पूर्ण विवरण परिशिष्ट-1ए में दिया गया है। फसलों के अद्यतन आच्छादन के आधार पर **परिशिष्ट-1ए** में अधिसूचित क्षेत्र (ग्राम पंचायत) में खरीफ तथा रबी की अधिसूचित फसलों की सूची में आंशिक संशोधन हेतु निदेशक, कृषि सॉख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश अधिकृत होंगे।

5- स्थानिक आपदाओं- ओलावृष्टि, भू-स्खलन व जलप्लावन तथा फसल की कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी गयी कटी हुयी फसल को बेमौसम/चक्रवाती वर्षा व चक्रवात से क्षति की स्थिति में **फसलों की क्षति का ऑकलन व्यक्तिगत बीमित फसल के उत्पादक कृषक के स्तर पर किया जायेगा।** योजना के अन्तर्गत उल्लिखित जोखिमों- प्रतिकूल मौसमीय परिस्थतियों के कारण फसल की बुवाई न कर पाना/असफल बुवाई की स्थिति तथा बुवाई से कटाई की समयावधि में खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं यथा सूखा अथवा शुष्क स्थिति, बाढ़, जलप्लावन, ओला, भूस्खलन, प्राकृतिक आग या आकाशीय बिजली, तूफान, चक्रवात व अन्य रोके न जा सकने वाले जोखिमों यथा रोगों, कृमियों आदि में **फसलों की क्षति का ऑकलन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जायेगा।**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- योजना के संचालन हेतु क्रियान्वयन अभिकरण के रूप में जनपदवार अधिकृत बीमा कम्पनियों का विवरण **परिशिष्ट-2** पर संलग्न है। बीमा कम्पनियों द्वारा अपने अधिकृत कार्यक्षेत्र के जनपदों में ऋणी एवं गैर ऋणी कृषकों की फसलों को बीमा कवर प्रदान किया जायेगा।

7- वर्ष 2017-18 व 2018-19 के खरीफ व रबी मौसम में अधिसूचित फसल हेतु इण्डेम्निटी स्तर, बीमित राशि, कुल प्रीमियम दर, कृषकों द्वारा वहन किये जाने वाले प्रीमियम दर, प्रीमियम पर अनुदान के रूप में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा वहन किये जाने वाले अंश का जनपदवार विवरण **परिशिष्ट- 3 व 4** में उल्लिखित है।

8- कृषकों से फसलों के प्रीमियम की धनराशि का एकत्रीकरण व क्रियान्वयन अभिकरण को प्रेषण हेतु निर्धारित समय-सारिणी:-

(i) ऋणी कृषक- वित्तीय संस्थाओं- व्यवसायिक/ग्रामीण बैंक शाखाओं/सहकारी बैंक शाखाओं/ प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) द्वारा वर्ष 2017-18 व 2018-19 के सम्बन्धित खरीफ व रबी मौसम, जिसमें बीमा किया जा रहा है, में अधिसूचित फसलों हेतु स्वीकृत अल्प कालीन कृषि प्रचालन ऋण/नवीनीकृत ऋण (अधिसूचना के **परिशिष्ट-3 व परिशिष्ट-4** में फसलवार निर्धारित अधिकतम बीमित राशि तक) को खरीफ मौसम में 31 जुलाई एवं रबी मौसम में 31 दिसम्बर की अन्तिम तिथि तक कृषक के खाते से प्रीमियम की कटौती करते हुए योजना में अनिवार्य रूप से कवर किया जायेगा। वित्तीय संस्था द्वारा प्रीमियम की धनराशि हेतु अतिरिक्त ऋण स्वीकृत करते हुए अधिसूचित फसलों के लिए प्रीमियम की कटौती सुनिश्चित की जायेगी।

- प्रत्येक ऋणी कृषक हेतु प्रति हेक्टेयर बीमित राशि, कृषक द्वारा बैंक में प्रस्तुत ऋण आवेदन फार्म में अधिसूचित फसल के लिए घोषित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) तथा अधिसूचना में परिशिष्ट-3 अथवा परिशिष्ट-4 में जनपद में फसल विशेष हेतु प्रति हेक्टेयर बीमित राशि के गुणनफल के बराबर होगी।
- किसान क्रेडिट कार्ड से अधिसूचित फसल के लिए वर्ष 2017-18 व 2018-19 के खरीफ व रबी मौसम की अवधि हेतु स्वीकृत ऋण (अधिसूचना के परिशिष्ट-3 व परिशिष्ट-4 में फसलवार निर्धारित अधिकतम बीमित राशि तक) को खरीफ मौसम में 31 जुलाई तथा रबी मौसम में 31 दिसम्बर की अन्तिम तिथि तक वित्तीय संस्थाओं द्वारा कृषक के खाते से प्रीमियम की कटौती करते हुए **अनिवार्य रूप से** कवर किया जायेगा।
- व्यवसायिक बैंक शाखा/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा, जिसके स्तर पर फसली ऋण स्वीकृत किया गया है, फसल बीमा के सम्बन्ध में मासिक फसलवार तथा बीमा इकाई क्षेत्रवार (ग्राम पंचायतवार) ब्यौरे का विवरण निर्धारित प्रारूप-घोषणा-पत्र, बीमा शुल्क सहित तैयार करेगी तथा खरीफ मौसम में दिनांक **31**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

जुलाई एवं रबी मौसम में दिनांक **31 दिसम्बर** की समाप्ति के **15 कैलेण्डर दिन** के अन्दर जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को सीधे उपलब्ध करायेगी।

- पैक्स, जिसके स्तर पर फसली ऋण स्वीकृत किया गया है, फसल बीमा के सम्बन्ध में मासिक फसलवार तथा बीमा इकाई क्षेत्रवार-ग्राम पंचायतवार ब्यौरे का विवरण (घोषणा-पत्र), बीमा शुल्क सहित तैयार करेगी तथा खरीफ मौसम में दिनांक **31 जुलाई** एवं रबी मौसम में दिनांक **31 दिसम्बर** की समाप्ति के **15 कैलेण्डर दिन** के अन्दर जिला सहकारी बैंक को उपलब्ध करायेगी। जिला सहकारी बैंक द्वारा अपने स्तर पर एवं पैक्स से प्राप्त घोषणा-पत्र व बीमा शुल्क को समेकित कर, प्राप्त होने के **07 कैलेण्डर दिन** के अन्दर जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को उपलब्ध कराया जायेगा।

(ii) गैर ऋणी कृषक- अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल के उत्पादक गैर ऋणी कृषक, जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हैं, द्वारा सम्बन्धित वर्ष के खरीफ मौसम में दिनांक 1 अप्रैल से 31 जुलाई एवं रबी मौसम में दिनांक 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर की अवधि में परिशिष्ट-3 व परिशिष्ट-4 में फसलवार उल्लिखित बीमित राशि का बीमा निकटतम् बैंक शाखा अथवा क्रियान्वयन अभिकरण के अधिकृत एजेन्ट अथवा सीधे क्रियान्वयन अभिकरण को व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा अथवा क्रियान्वयन अभिकरण के कार्यालय के माध्यम से फसलों का बीमा कराया जा सकेगा।

- प्रत्येक गैर ऋणी कृषक हेतु प्रति हेक्टेयर बीमित राशि, कृषक द्वारा प्रस्ताव फार्म में अधिसूचित फसल के लिए घोषित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) तथा अधिसूचना में परिशिष्टि-3 अथवा परिशिष्ट-4 में जनपद में फसल विशेष हेतु प्रति हेक्टेयर बीमित राशि के गुणनफल के बराबर होगी।
- व्यवसायिक/ग्रामीण/सहकारी बैंक शाखा, जिसके स्तर पर गैर ऋणी कृषक की फसल का बीमा किया गया है, फसल बीमा के सम्बन्ध में मासिक फसलवार तथा बीमा इकाई क्षेत्रवार ब्यौरे का विवरण (घोषणा-पत्र), बीमा शुल्क सहित तैयार किया जायेगा तथा सम्बन्धित वर्ष के खरीफ मौसम में दिनांक **31 जुलाई** एवं रबी मौसम में दिनांक **31 दिसम्बर** की समाप्ति के **07 कैलेण्डर दिन के अन्दर जनपद** के क्रियान्वयन अभिकरण को सीधे उपलब्ध कराया जायेगा।
- पैक्स, जिसके स्तर पर गैर ऋणी कृषक की फसल का बीमा किया गया है, द्वारा फसल बीमा के सम्बन्ध में मासिक फसलवार तथा बीमा इकाई क्षेत्रवार ब्यौरे का विवरण (घोषणा-पत्र), बीमा शुल्क सहित तैयार किया जायेगा तथा खरीफ मौसम में दिनांक **31 जुलाई** एवं रबी मौसम में दिनांक **31 दिसम्बर** की समाप्ति के **07 कैलेण्डर** दिन के अन्दर जिला सहकारी बैंक को उपलब्ध कराया जायेगा। जिला सहकारी बैंक द्वारा अपने स्तर पर एवं पैक्स से प्राप्त घोषणा-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पत्र व बीमा शुल्क को समेकित कर **07 कैलेण्डर दिन** के अन्दर जनपद की क्रियान्वयन अभिकरण को उपलब्ध कराया जायेगा।

- क्रियान्वयन अभिकरण के अधिकृत एजेण्ट द्वारा गैर ऋणी कृषकों के प्रस्ताव फार्म सहित घोषणा-पत्र व समेकित बीमा शुल्क को **07 कैलेण्डर** दिन के अन्दर जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।

(iii) क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा सम्बन्धित वर्ष के खरीफ व रबी मौसम में निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात बैंकों से प्राप्त घोषणा पत्र व प्रीमियम की धनराशि स्वीकार नहीं की जायेगी एवं इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित बैंक शाखा का होगा। अतः बैंक शाखा-व्यवसायिक/ग्रामीण/सहकारी/पैक्स सम्बन्धित वर्ष के खरीफ मौसम में दिनांक **31 जुलाई** एवं रबी मौसम में दिनांक **31 दिसम्बर** की निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात कृषकों से फसल बीमा के अन्तर्गत प्रीमियम की धनराशि को स्वीकार न करें।

(iv) क्रियान्वयन अभिकरण को प्रीमियम व घोषणा पत्र प्रेषित किये जाने की निर्धारित अन्तिम तिथि के **15** दिन के अन्दर बैंक शाखाओं/जिला सहकारी बैंक (पैक्स की स्थिति में) द्वारा ऋणी एवं गैर ऋणी बीमित कृषकों का पूर्ण विवरण यथा कृषक का नाम, पिता का नाम, बैंक खाता संख्या, गॉव का नाम, कृषक श्रेणी-लघु व सीमान्त/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला, बीमित फसल, खसरा नम्बर, बीमित क्षेत्र, बीमित राशि, कृषक प्रीमियम, प्रीमियम पर अनुदान, मोबाइल नम्बर आदि साफ्टकापी में जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को प्रेषित की जायेगी तथा विवरण को भारत सरकार के फसल बीमा पोर्टल पर भी अपलोड किया जायेगा। बैंक शाखाओं/जिला सहकारी बैंकों से अपेक्षित है कि फसल बीमा पोर्टल पर निर्धारित प्रोफार्मे में फसल बीमा से सम्बन्धित सूचनाओं को समय से अपलोड करें।

(v) सभी बैंक शाखाओं/जिला सहकारी बैंक शाखाओं द्वारा क्रियान्वयन अभिकरण को इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा कि बैंक स्तर से अधिसूचित फसलों हेतु प्रीमियम की कटौती फसल बीमा की अधिसूचना में निर्गत निर्देशों के अनुरूप नियमानुसार की गयी है एवं बैंक द्वारा योजनान्तर्गत सभी पात्र ऋणी कृषकों को फसल बीमा योजना में कवरेज प्रदान किया गया है। इस प्रमाण-पत्र के साथ बैंक शाखाओं/नोडल बैंक शाखाओं द्वारा प्रीमियम की समेकित धनराशि को जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत किया जायेगा।

(vi) बैंक शाखाओं/जिला सहकारी बैंक (पैक्स की स्थिति में) द्वारा प्रस्तर-**8-(iv)** में की गयी अपेक्षा के क्रम में फसल बीमा पोर्टल पर विवरण को अपलोड करने में

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा सम्बन्धित बैंकों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

भारत सरकार द्वारा बनाये गये फसल बीमा पोर्टल पर योजना सम्बन्धित सूचनाओं को अपलोड करने में बैंक/बीमा कम्पनी/विभाग स्तर पर आ रही कठिनाइयों के सम्बन्ध में भारत सरकार के हेल्पलाइन ई-मेल आई-डी **help.agri_insurance@gov.in** पर अपनी जिज्ञासाओं को मेल करते हुए समस्याओं/कठिनाइयों का समाधान प्राप्त किया जा सकता है

(vii) बीमा प्रस्ताव प्राप्त होने के सामान्यतया एक माह की अवधि में अपूर्ण घोषणा-पत्र/बीमा से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख के न होने/निर्धारित प्रीमियम की धनराशि न जमा करने/आवश्यक प्रमाण पत्र न जमा करने आदि की स्थिति में जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को बीमा प्रस्ताव स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। बीमा प्रस्ताव अस्वीकार होने की स्थिति में जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा प्राप्त प्रीमियम को तत्काल सम्बन्धित बैंक शाखा को वापस कर दिया जायेगा।

(viii) समस्त बैंकों द्वारा अपने अधीनस्थ बैंक शाखाओं/नोडल बैंक शाखाओं द्वारा अधिसूचित फसलवार स्वीकृत ऋण सीमा के सापेक्ष कुल बीमित राशि की समीक्षा की जायेगी एवं यह सुनिश्चित किया जायेगा कि योजनान्तर्गत सभी पात्र कृषकों का बीमा अधीनस्थ बैंक शाखाओं द्वारा किया गया है।

यदि नोडल बैंक/शाखा/पैक्स की गलतियों/विलोपनों/कमीशन के कारण किसान फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित रहता है, तो योजना के प्राविधानानुसार सम्बन्धित संस्थाऐं ही कृषकों की ऐसी हानियों की भरपाई सुनिश्चित करेंगी।

9- योजना में जोखिमवार फसलों की क्षति के आंकलन हेतु निर्धारित प्रक्रिया व समयसीमा- क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा जोखिमवार फसलों की क्षति के आंकलन हेतु निम्नलिखित निर्धारित की गयी प्रक्रिया व समयसीमा का अनुपालन करते हुए नियमानुसार बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जायेगीः-

(i) प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से फसलों की बुवाई न कर पाने/असफल बुवाई के जोखिम की स्थिति में अधिसूचित फसलों की क्षति का आंकलन बीमा इकाई-ग्राम पंचायत स्तर पर किया जायेगा। ग्राम पंचायत में 75 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से कृषकों द्वारा अधिसूचित फसलों की बुवाई न कर पाने/असफल बुवाई की स्थिति में जनपद के जिलाधिकारी/उप कृषि निदेशक कार्यालय के क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत विभागीय कार्मिकों की पुष्टि के आधार पर आपदा प्रभावित क्षेत्रों (ग्रामपंचायत में प्रभावित फसल) की सूचना क्रियान्वयन अभिकरण को दी जायेगी। जिलाधिकारी/उप कृषि निदेशक कार्यालय से सूचना

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

प्राप्त होने पर क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा जिलाधिकारी/उप कृषि निदेशक कार्यालय से प्राथमिकता पर सम्पर्क स्थापित कर इस आपदा प्रभावित क्षेत्रों (ग्रामपंचायत) में क्षेत्रवार बुवाई विफलता प्रतिशत का विवरण प्राप्त किया जायेगा एवं क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा बीमित राशि के 25 प्रतिशत तक की क्षतिपूर्ति का आंकलन निम्नलिखित फार्मूले से किया जायेगा:-

क्षतिपूर्ति = बीमित राशि x बुवाई विफलता % x 25%

क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा जोखिम की सूचना प्राप्त होने के **30 कैलेण्डर दिन** के अन्दर कृषकों को क्षतिपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। इस प्राविधान के अन्तर्गत बीमा लाभ प्राप्त होने के पश्चात कृषकों का बीमा कवरेज समाप्त माना जायेगा एवं बीमित कृषकों को योजना का आगे कोई लाभ देय नहीं होगा। इस प्राविधान के अन्तर्गत बीमा लाभ देय होने की स्थिति में क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा सम्बन्धित ग्रामपंचायत के समस्त बैंकों को सूचित किया जायेगा कि बैंक द्वारा सम्बन्धित ग्रामपंचायत में फसल विशेष के उत्पादक कृषकों को आगे कोई कवरेज प्रदान नहीं किया जायेगा।

(ii) फसल बुवाई से कटाई की अवधि में खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं-सूखा अथवा शुष्क स्थिति, बाढ़, जलप्लावन, ओला, भूस्खलन, प्राकृतिक आग या आकाशीय बिजली, तूफान, चक्रवात एवं रोके न जा सकने वाले अन्य जोखिमों-रोगों, कृमियों आदि से बीमित फसल की उपज में कमी की स्थिति में फसलों की क्षति का आंकलन बीमा इकाई-ग्राम पंचायत स्तर पर किया जायेगा। मौसम के अंत में बीमा इकाई स्तर पर निर्धारित संख्या में सम्पादित फसल कटाई प्रयोगों से प्राप्त उपज के आँकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति का आंकलन निम्नलिखित फार्मूले के अनुसार किया जायेगा:-

$$\text{क्षतिपूर्ति} = \frac{\text{गारन्टीड उपज} - \text{वास्तविक उपज}}{\text{गारन्टीड उपज}} \times \text{बीमित राशि}$$

गारण्टीड उपज = बीमा इकाई में फसल की विगत 7 वर्षों) अधिकतम 2 आपदा वर्षों की उपज को छोड़कर (की औसत उपज X इण्डेम्निटी स्तर।

इण्डेम्निटी स्तर= अधिक व कम जोखिम के अनुरूप जनपद स्तर पर फसलवार 80 प्रतिशत अथवा 90 प्रतिशत इण्डेम्निटी स्तर निर्धारित किया गया है।

प्रदेश में खरीफ 2014 एवं रबी 2014-15 आपदा प्रभावित मौसम होने के कारण इन मौसमों में फसल की औसत उपज को गारन्टीड उपज के निर्धारण में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। इस प्रकार बीमा इकाई क्षेत्र-ग्राम पंचायत में फसल विशेष की गारन्टीड उपज के निर्धारण में खरीफ 2014 अथवा रबी 2014-15 में फसल की औसत उपज को छोडकर

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

विगत शेष 06 मौसम में फसल की औसत उपज के आधार पर गारन्टीड उपज का निर्धारण किया जायेगा।

- प्रत्येक ग्राम पंचायत में अधिसूचित प्रत्येक फसल पर **04** फसल कटाई प्रयोग (फसल मूँगफली हेतु आठ फसल कटाई प्रयोग) के आधार पर फसल की वास्तविक उपज का ऑकलन योजना के प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। जिस ग्राम पंचायत में **04** फसल कटाई प्रयोग (फसल मूँगफली हेतु आठ फसल कटाई प्रयोग) सम्पादित नहीं हो सकेंगे, ऐसी स्थिति में उस ग्राम पंचायत हेतु विभाग द्वारा ग्राम पंचायत से उच्च स्तर के फसल के उपज के ऑकडे क्रियान्वयन अभिकरण को उपलब्ध कराया जायेगा। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा फसल की इस प्रकार प्राप्त उपज के ऑकडों के आधार पर योजना के प्राविधानानुसार फसल की क्षतिपूर्ति का आंकलन करते हुए बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जायेगी।
- फसल कटाई प्रयोगों की गुणवत्ता व विश्वसनीयता सुनिश्चित कराये जाने हेतु फसलों की कटाई स्तर पर जॉच सुनिश्चित करायी जाती है। फसल कटाई प्रयोगों के सम्पादन एवं सम्पादन की प्रक्रिया की जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण के प्रतिनिधि द्वारा अवलोकन किया जा सकेगा। जनपद स्तर पर राज्य सरकार के सम्बन्धित विभागीय कार्मिकों द्वारा क्रियान्वयन अभिकरण को इस सम्बन्ध में यथा-आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।
- प्रदेश के राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों–लेखपाल/राजस्व निरीक्षक द्वारा अधिसूचित फसलों पर आयोजित किये जा रहे फसल कटाई प्रयोगों के सम्पादन के समय स्मार्टफोन का प्रयोग करते हुए फसल कटाई की प्रक्रिया का चित्र, कटाई हेतु चयनित खेत की भू-स्थिति, भारत सरकार द्वारा फसल कटाई प्रयोगों हेतु बनाये गये एप्प पर फसल कटाई प्रयोगों से सम्बन्धित सूचनाओं को अपलोड करते हुए भारत सरकार के केन्द्रीयकृत सर्वर) भुवन सर्वर (पर प्रेषित किया जायेगा।
- क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा निदेशक, कृषि सॉख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश कार्यालय से अधिसूचित फसलों के उपज के आंकड़े प्राप्त होने के 03 सप्ताह 21) कैलेण्डर दिन (के अन्दर कृषकों को देय क्षतिपूर्ति का निर्धारण व भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

(iii) स्थानिक आपदाओं-ओला, भूस्खलन, जलप्लावन के जोखिमों से फसल की उपज में कमी की स्थिति अथवा फसल की कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों की अवधि तक खेत में कटी हुई फसलों को चक्रवाती /बेमौसम वर्षा, चक्रवात के जोखिमों से उपज में कमी की स्थिति में फसलों की क्षति का आंकलन व्यक्तिगत बीमित कृषक के स्तर पर किया जायेगा। बीमित कृषक द्वारा आपदा के 48 घंटे के अंदर स्वयं जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को बीमित फसल का नाम व प्रभावित खेत के खसरा संख्या के विवरण के साथ सूचित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बीमित कृषक के व्यक्तिगत दावे को सम्बन्धित बैंक शाखा, जहॉ से कृषक द्वारा बीमा कराया गया है अथवा जनपद के कृषि विभाग के किसी भी स्तर के अधिकारी/अन्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

विभाग के जनपदीय अधिकारी/कृषक समुदायों/ग्राम प्रधान/क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि के माध्यम से आपदा के 48 घंटे के अंदर बीमित फसल का नाम व प्रभावित खेत के खसरा संख्या के विवरण के साथ जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को अग्रसारित किया जा सकता है, जिसे क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। कृषक द्वारा अपने दावे की पुष्टि में स्मार्टफोन से फसल की दशा से सम्बन्धित चित्र, स्थानीय समाचार पत्रों में फसल की क्षति की रिपोर्ट के साथ दावा प्रपत्र के सभी कालम में विवरण अंकित करते हुए जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को 48 घंटे के अंदर प्रेषित किया जा सकता है। दावा प्रपत्र में अपेक्षित सूचनायें उपलब्ध/स्पष्ट न होने की स्थिति में जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा अपने कार्मिक/अधिकृत एजेन्ट के माध्यम से सूचनायें पूर्ण कराकर समयान्तर्गत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा जनपद स्तर के कृषि विभाग के कार्यालयों, तहसील कार्यालय, ब्लाक कार्यालय आदि पर व्यक्तिगत कृषक हेतु दावा प्रपत्र पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराया जायेगा तथा कृषकों के मध्य इस सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित कराया जायेगा।

फसलों की क्षति के समयबद्ध आंकलन एवं कृषकों को क्षतिपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में स्थानिक आपदाओं एवं फसल की कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों की अवधि तक खेत में कटी हुई फसलों को उल्लिखित जोखिमों से क्षति की सूचना प्राप्त होने के 48 घंटे के अंदर भारत सरकार के दिशा-निर्देशों में निर्धारित योग्यता के अनुरूप पर्याप्त संख्या में सर्वेयर की नियुक्ति सुनिश्चित करायी जायेगी।

क्रियान्वयन अभिकरण को फसलों की क्षति की सूचना प्राप्त होने के 10 कैलेण्डर दिन के अन्दर सर्वेयर द्वारा फसलों की क्षति का आंकलन आपदा की स्थिति तक फसल के उत्पादन लागत में हुए व्यय के अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा एवं अगले 15 कैलेण्डर दिन के अन्दर क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा कृषकों को क्षतिपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

स्थानिक आपदाओं -ओला, भूस्खलन, जलप्लावन के जोखिमों से फसल की उपज में कमी की स्थिति अथवा फसल की कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों की अवधि तक खेत में कटी हुई फसलों को बेमौसम/चक्रवाती वर्षा, चक्रवात के जोखिमों से ग्रामपंचायत में 25 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में फसलों की क्षति की सूचना प्राप्त होने पर जनपद के जिलाधिकारी द्वारा राजस्व, कृषि विभाग एवं जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण के प्रतिनिधियों की संयुक्त समिति का गठन किया जायेगा। समिति द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में रैण्डम सर्वेक्षण करते हुए फसल की क्षति के प्रतिशत का निर्धारण किया जायेगा जिसके आधार पर जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा कृषकों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जायेगी। उपरोक्त स्थिति में अधिसूचित फसल के उत्पादक कृषक, जिनके द्वारा फसल का बीमा कराया गया है एवं 48

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

घंटे के अंदर स्वयं क्रियान्वयन अभिकरण को सूचित किया है अथवा सम्बन्धित बैंक शाखा, जहाँ से कृषक द्वारा फसल का बीमा कराया गया है अथवा जनपद के कृषि विभाग के किसी भी स्तर के अधिकारी/अन्य विभाग के जनपदीय अधिकारी/कृषक समुदायों /ग्राम प्रधान/क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि के माध्यम से आपदा के 48 घंटे के अंदर जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को सूचित किया गया है, नियमानुसार क्षतिपूर्ति के पात्र होंगे।

अधिकृत क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा स्थानिक आपदाओं -ओला, भूस्खलन, जलप्लावन के जोखिमों से फसल की उपज में कमी की स्थिति अथवा फसल की कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों की अवधि तक खेत में कटी हुई फसलों को बेमौसम/चक्रवाती वर्षा, चक्रवात के जोखिमों के अन्तर्गत बीमित कृषकों को व्यक्तिगत दावा को आपदा के 48 घंटे के अंदर प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व दावा प्रपत्र के प्रारूप का अपने कार्यक्षेत्र के सभी जनपदों में क्षेत्रीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार, स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन, बैंक शाखाओं के स्तर पर, जनपद स्तरीय बैठकों/गोष्ठियों में हैण्ड बिल आदि के माध्यम से अधिसूचना जारी होने के 15 कैलेण्डर दिन के अन्दर सुनिश्चित कराया जायेगा।

नोट :स्थानिक आपदाओं-ओला, भूस्खलन, जलप्लावन के जोखिमों से फसल की उपज में कमी की स्थिति अथवा फसल की कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों की अवधि तक खेत में कटी हुई फसलों को चक्रवाती /बेमौसम वर्षा, चक्रवात के जोखिमों से उपज में कमी की स्थिति में आपदा की स्थिति तक फसल के उत्पादन लागत में व्यय के अनुरूप फसलों की क्षति का आंकलन **परिशिष्ट-7 व परिशिष्ट-8** में फसल की बुवाई से कटाई की पूर्णसमयावधि में विभिन्न चरणों में उत्पादन लागत में दर्शाये गये व्यय के अनुरूप क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा निर्धारित करते हुए बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जायेगी।

(iv) अधिसूचित फसलों की मध्य अवस्था तक प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से बीमा इकाई क्षेत्र - ग्रामपंचायत स्तर पर फसल की सम्भावित उपज सामान्य उपज) गारण्टीड उपज (से50 % कम होने की स्थिति में कम्पनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के जनपदों में सम्भावित क्षतिपूर्ति के अधिकतम्25 % तक तात्कालिक सहायता के रूप में आंशिक क्षतिपूर्ति निम्नलिखित फार्मूले के आधार पर प्रदान की जायेगी-:

$$\text{क्षतिपूर्ति} = \frac{\text{(गारन्टीड उपज-सम्भावित उपज)}}{\text{गारन्टीड उपज}} \times \text{बीमित राशि} \times 25\ \%$$

इस स्थिति में जनपद के जिलाधिकारी/उप कृषि निदेशक कार्यालय द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत विभागीय कार्मिकों से पुष्टि के आधार पर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में फसलों की क्षति की सूचना को आपदा के 07 **कैलेण्डर दिन** के अन्दर जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को उपलब्ध कराते हुए जनपद में राजस्व, कृषि विभाग एवं क्रियान्वयन अभिकरण के प्रतिनिधियों की संयुक्त समिति का गठन किया जायेगा। समिति द्वारा आपदा के 15 **कैलेण्डर दिन** के अन्दर प्रभावित क्षेत्रों में

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संयुक्त सर्वेक्षण कर फसलों की क्षति का आंकलन सुनिश्चित किया जायेगा। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा आपदा की सूचना प्राप्त होने के 30 **कैलेण्डर दिन** के अन्दर कृषकों को क्षतिपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा तात्कालिक सहायता के रूप में भुगतान की गयी आंशिक क्षतिपूर्ति की धनराशि को मौसम के अन्त में फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर फसल की ऑकलित कुल देय क्षतिपूर्ति की धनराशि में समायोजित किया जायेगा।

(v) **क्षतिपूर्ति के भुगतान की प्रक्रिया**-स्थानिक आपदाओं एवं फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि में फसल के नष्ट होने की निर्धारित परिस्थितियों को छोड़कर क्षतिपूर्ति के लिए कृषकों को व्यक्गित दावा प्रस्तुत करना नहीं होगा। बैंक/पैक्स से बीमा कराने की स्थिति में क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा क्षतिपूर्ति की धनराशि का भुगतान NEFT/RTGS के माध्यम से इलेक्ट्रानिक ट्रांसफर करते हुए क्षतिपूर्ति के पूर्ण विवरण को हार्डकापी में सम्बन्धित बैंक शाखा/जिला सहकारी बैंक (पैक्स की स्थिति में) को प्रेषित किया जायेगा। जिला सहकारी बैंक द्वारा क्षतिपूर्ति की धनराशि को क्रियान्वयन अभिकरण से प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित पैक्स को उपलब्ध कराया जायेगा। बैंक शाखा/पैक्स द्वारा अपने स्तर पर क्षतिपूर्ति की धनराशि को क्रियान्वयन अभिकरण से प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित कृषक के बैंक के खाते में जमा कराते हुए पुष्टि हेतु उपभोग प्रमाण पत्र क्रियान्वयन अभिकरण को **15** दिन के अन्दर प्रेषित किया जायेगा। बैंक/पैक्स द्वारा लाभार्थी कृषकों की सूची बैंक शाखा के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जायेगी।

क्रियान्वयन अभिकरण के एजेन्ट/मध्यस्थ के माध्यम से बीमा कराने की स्थिति में क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा क्षतिपूर्ति का भुगतान इलेक्ट्रानिक ट्रांसफर के रूप में सीधे कृषक के बैंक के खाते में किया जायेगा।

10. **प्रीमियम की कटौती की रसीद** -क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा बैंकों से प्रीमियम की धनराशि व घोषणा पत्र प्राप्त होने के **45 कैलेण्डर दिन** के अन्दर सम्बन्धित बैंक शाखाओं को बीमा कवरेज की स्थिति से अवगत कराया जायेगा, ताकि बैंक शाखा द्वारा तत्क्रम में कृषकों को प्रीमियम की कटौती की रसीद निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराया जा सके।

11. **एस0एम0एस0 के माध्यम से कृषकों को सूचित करना**- बीमित कृषक को तीन चरणों में एस0एम0एस0 के माध्यम से अनिवार्य रूप से बीमा कवरेज व क्षतिपूर्ति की स्थिति से सूचित किया जायेगा। प्रथम चरण में बैंक शाखा स्तर पर प्रीमियम की कटौती होते ही बीमित कृषक को सम्बन्धित बैंक शाखा द्वारा एस0एम0एस0 किया जायेगा। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा इस सम्बन्ध में बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा घोषणा पत्र प्राप्त होने के बाद द्वितीय चरण में बीमित फसल, बीमित क्षेत्र, बीमित धनराशि व प्रीमियम की

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

धनराशि के विवरण तथा तृतीय चरण में क्षतिपूर्ति की स्थिति से कृषक को एस0एम0एस0 के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

12 **जनपद स्तर पर कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। उप कृषि निदेशक** जनपद स्तर पर बैंकों, क्रियान्वयन अभिकरण एवं राजस्व विभाग के समन्वय से फसल बीमा योजनाओं के सफलतापूर्वक व समयबद्ध संचालन हेतु उत्तरदायी होंगे।

13- **क्रियान्वयन अभिकरण के कार्यालय की स्थापना व कार्मिकों की नियुक्ति, बीमा एजेन्ट/मध्यस्थ की नियुक्ति व नियुक्त कार्मिकों/बीमा मध्यस्थ द्वारा किये जाने वाले कार्य -**

- क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा प्रदेश स्तर पर कार्यालय स्थापित करते हुए सक्षम स्तर के पूर्णकालिक अधिकारी व कार्मिकों की नियुक्ति राज्य सरकार की अधिसूचना जारी किये जाने की तिथि के **30 कैलेण्डर दिन के अन्दर** सुनिश्चित की जायेगी। क्रियान्वयन अभिकरण के प्रदेश कार्यालय स्तर पर फसल बीमा से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं का अपडेटेड पूर्ण डाटा बैंक तैयार कर रखा जायेगा। इन सूचनाओं को प्रदेश शासन व निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश को नियमित रूप से एवं मॉगे जाने पर उपलब्ध कराया जायेगा। क्रियान्वयन अभिकरण के प्रदेशीय प्रमुख द्वारा प्रदेश शासन, राज्य सरकार के सम्बन्धित विभागों व बैंकों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जायेगा तथा समय-समय पर फसल बीमा योजनाओं के सम्बन्ध में आहूत बैठकों में प्रतिभाग किया जायेगा।
- क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा राज्य सरकार की अधिसूचना जारी किये जाने की तिथि से **30कैलेण्डर दिन के अन्दर** अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक जनपदों में कम्पनी का कार्यालय स्थापित करते हुए सक्षम अधिकारी की नियुक्ति तथा प्रत्येक ब्लाक स्तर पर गैर ऋणी कृषकों की भागीदारी हेतु बीमा एजेन्ट/मध्यस्थ की नियुक्ति सुनिश्चित की जायेगी।
- क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा प्रदेश व जनपद स्तर पर स्थापित कार्यालय/नियुक्त अधिकारी व बीमा मध्यस्थ का पूर्ण विवरण निम्न प्रारूप पर निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश एवं जनपद के उप कृषि निदेशक को नियुक्ति के पश्चात् अधिकतम **07 कैलेण्डर दिन** के अन्दर उपलब्ध करायी जायेगी-

क्र०सं०	मद	कार्यालय का पता, फैक्स, ई-मेल व फोन नं०	क्रियान्वयन अभिकरण के नियुक्त अधिकारी का पूर्ण विवरण		
			कुल संख्या	नाम	मोबाइल/ई-मेल नं०
1	प्रदेश स्तर				
2	जनपद स्तर				
3	ब्लाक स्तर पर				

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

	नियुक्त बीमा मध्यस्थ				

- क्रियान्वयन अभिकरण के जनपद स्तर के कार्मिक द्वारा जनपद में समय-समय पर फसल बीमा योजनाओं के सम्बन्ध में आहूत बैठकों में पूर्ण व अद्यतन सूचनाओं के साथ प्रतिभाग किया जायेगा। इन कार्मिकों द्वारा जनपद में फसलों के वास्तविक व बीमित क्षेत्र में विसंगति के निराकरण हेतु सर्वेक्षण, फसल कटाई प्रयोगों के कटाई स्तर पर अवलोकन व उपज के आँकड़ों में विसंगति के निराकरण, स्मार्टफोन के माध्यम से भारत सरकार के पोर्टल पर फसल कटाई प्रयोगों से सम्बन्धित सूचनाओं/आँकड़ों को अपलोड किया जाना, योजना का व्यापक व प्रभावी प्रचार-प्रसार, गैर ऋणी कृषकों की भागीदारी आदि समस्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
- जनपद के उप कृषि निदेशक जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण के अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय मानीटरिंग समिति की प्रत्येक माह बैठक सुनिश्चत करायेंगे। क्रियान्वयन अभिकरण के अधिकारी/उप कृषि निदेशक यथा आवश्यकतानुसार जिला स्तरीय मानीटरिंग समिति की बैठक आहूत कराते हुए ऋणी एवं गैर ऋणी कृषकों की भागीदारी, बैंकों द्वारा त्रुटिरहित घोषणा पत्रों का समय से जनपद के क्रियान्वयन अभिकरण को प्रेषण, योजना में कवर किये गये जोखिमों के सम्बन्ध में संयुक्त समिति का गठन करते हुए फसलों की क्षति का समय से आंकलन, आंशिक/पूर्ण क्षतिपूर्ति का भुगतान, बीमित फसलों के क्षेत्रफल विसंगति के सम्बन्ध में समिति गठित करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सैम्पुल सर्वेक्षण कर क्षेत्रफल विसंगति का निराकरण, फसल कटाई प्रयोगों से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का समाधान, क्षतिपूर्ति की धनराशि को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए कृषकों के खातों में निर्धारित अवधि में जमा कराना, योजना के जनपद स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन में समय-समय पर आ रही सभी कठिनाइयों का निराकरण आदि समस्त कार्यवाहियों को जनपद स्तर पर सुनिश्चित कराया जायेगा।
- क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के सभी जनपदों में बैकों से समन्वय स्थापित करते हुए अधिसूचित फसलों के सभी ऋणी कृषकों को अनिवार्य आधार पर एवं गैर ऋणी कृषकों को योजना में स्वैच्छिक आधार पर कवरेज प्रदान करने, प्रीमियम की धनराशि एवं त्रुटिरहित घोषणा पत्र को बैंकों से समय से क्रियान्वयन अभिकरण को उपलब्ध कराये जाने हेतु सभी प्रयास किया जायेगा ताकि प्रतिभाग करने हेतु सभी इच्छुक/पात्र कृषकों का योजना में कवरेज सुनिश्चित हो सके।

14- फसल के बीमित क्षेत्र एवं वास्तविक बोये गये क्षेत्रफल में विसंगति का निराकरण - अधिसूचित फसलों के अन्तर्गत बीमित किये जा रहे क्षेत्रफल एवं फसल के वास्तविक बोये गये क्षेत्रफल में विसंगति के निराकरण हेतु क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा निम्नवत् कार्यवाही कर कृषकों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जायेगीः-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(i) जनपद में फसल के बीमित किये जा रहे क्षेत्रफल एवं फसल के वास्तविक बोये गये क्षेत्रफल में विसंगति की स्थिति को क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय मानीटरिंग समिति के संज्ञान में समय से लाया जायेगा। वर्तमान मौसम में फसल के वास्तविक बोये गये क्षेत्रफल की उपलब्धता न होने की स्थिति में फसल विशेष के विगत वर्षों के क्षेत्रफल का उपयोग किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा विसंगति के निराकरण हेतु जनपद के कृषि, राजस्व व क्रियान्वयन अभिकरण के अधिकारी/प्रतिनिधि की संयुक्त टीम गठित की जायेगी। इस टीम द्वारा संयुक्त सर्वेक्षण करते हुए क्षेत्र विशेष में फसल के अन्तर्गत वास्तविक क्षेत्रफल में विसंगति होने की स्थिति में क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा भारत सरकार की दिशा-निर्देशों में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार विसंगति के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(ii) क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा अधिसूचित फसल के अन्तर्गत बीमित क्षेत्रफल एवं फसल के वास्तविक बोये गये क्षेत्रफल में विसंगति का प्रत्येक दशा में अन्तिम रूप से निराकरण प्रीमियम पर अनुदान मद में राज्यांश की अन्तिम मांग निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उ0प्र 0को प्रस्तुत करने से पूर्व अथवा फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर फसल के उपज के ऑकडे विभाग के स्तर से क्रियान्वयन अभिकरण को उपलब्ध कराये जाने के पूर्व, जो पहले हो, अवश्य सुनिश्चित किया जायेगा। राज्यांश की अन्तिम मांग निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उ0प्र 0कार्यालय को प्रस्तुत करने के पश्चात क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा Acreage Discrepancy के अन्तर्गत कार्यवाही मान्य नहीं होगी।

15- राज्यांश की मांग-

(i) क्रियान्वयन अभिकरण की राज्यांश की समस्त मॉग के भुगतान हेतु कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश अधिकृत होंगे। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में योजनान्तर्गत बजटीय स्वीकृति में से वर्तमान वर्ष में राज्यांश की देयता के साथ-साथ विगत वर्ष में फसल बीमा योजनान्तर्गत राज्यांश की अवशेष देयताओं का भुगतान कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश से अनुमोदन प्राप्त कर सुनिश्चित किया जायेगा।

(ii) क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के जनपदों में योजना की अद्यतन प्रगति के आधार पर 50 प्रतिशत तक राज्यांश की माँग अग्रिम के रूप में योजनावार खरीफ मौसम में **दिनांक 31 जुलाई** एवं रबी मौसम में दिनांक **31 दिसम्बर** के पश्चात प्राथमिकता पर निदेशक, कृषि सांख्यकी एवं फसल बीमा उ0प्र0 कार्यालय को अद्यतन प्रगति विवरण के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत की जायेगी।

(iii) क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा बैकों से प्रीमियम व घोषणा पत्र प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि के **30 कैलेण्डर दिन** के अंदर अपने कार्यक्षेत्र के जनपदों में योजनावार अधिसूचित बीमा ईकाई क्षेत्रवार व बीमित कृषकवार बीमा की प्रगति विवरण को अंतिम रूप देते हुए

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी आफ इण्डिया लि0 के माध्यम से प्रीमियम पर अनुदान मद में राज्यांश की मांग को निदेशक, कृषि सांख्यकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश कार्यालय को समस्त सूचनाओं/विवरण के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

(iv) क्रियान्वयन अभिकरण को प्रत्येक मौसम में कुल देय राज्यांश के **5** प्रतिशत धनराशि को राज्य सरकार द्वारा मौसम विशेष में कृषकों को देय समस्त क्षतिपूर्ति का भुगतान क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित किये जाने के पश्चात् जारी किया जायेगा। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा इस आधार पर कृषकों को योजनान्तर्गत किसी भी प्रकार की देय क्षतिपूर्ति को लम्बित नहीं रखा जायेगा।

(v) क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा राज्यांश की मांग के साथ इस आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न किया जायेगा कि प्रस्तुत की जा रही मांग सम्बन्धित मौसम में अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल मात्र के लिए ही प्रस्तुत की जा रही है तथा कृषकों द्वारा क्षेत्र विशेष में अधिसूचित फसल हेतु मात्र एक बार ही बीमा कवरेज प्रदान किया गया है। कृषक द्वारा अपने खेत में बोई गयी फसल का दो बार बीमा कराने की स्थिति में क्रियान्वयन अभिकरण को अधिकार होगा कि वह सम्बन्धित कृषक के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए बीमा क्षतिपूर्ति का भुगतान न करे। ऐसी स्थिति में क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा कृषक द्वारा जमा कराये गये प्रीमियम अंश को वापस नहीं किया जायेगा। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा प्रस्तुत की गयी मांग में किसी भी विगसंति हेतु सम्बन्धित क्रियान्वयन अभिकरण स्वयं उत्तरदायी होगी। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा यह भी घोषित किया जायेगा कि राज्यांश के रूप में जितनी धनराशि की मांग राज्य सरकार से की जा रही है, उतनी ही धनराशि की मांग केन्द्र सरकार से भी की गयी है तथा कम्पनी के स्तर पर राज्यांश की पूर्व में भुगतान की गयी समस्त धनराशि का उपभोग कम्पनी द्वारा सुनिश्चित कर लिया गया है।

(vi) क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा बैंक शाखाओं को क्षतिपूर्ति की धनराशि के भुगतान के **30 कैलेण्डर दिन** के अंदर बैंकों से भुगतान की गई धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा, जिसे निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराया जायेगा।

16- योजना का प्रचार-प्रसार -क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के जनपदों में ग्राम स्तर तक फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जायेगा एवं योजना में अधिकाधिक कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु निम्न कार्यवाही की जायेगीः-

- स्थानीय प्रिण्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा अन्य लोकप्रिय माध्यमों से योजना का प्रचार-प्रसार कराया जायेगा।
- जनपद के बैंक कार्मिकों एवं जनपदीय अधिकारियों को योजना के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

- जनपद के मा0 मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधियों को योजना की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।
- अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक जनपदों में बैंक शाखाओं के स्तर पर पर्याप्त संख्या में घोषणा पत्र, प्रस्ताव फार्म, हैण्ड बिल, पम्पलेट, लीफलेट, पोस्टर, बैनर आदि की आपूर्ति राज्य सरकार की अधिसूचना जारी किये जाने के **30 कैलेण्डर दिन** के अन्दर सुनिश्चित करायी जायेगी।
- ब्लाक स्तर पर नियुक्त किये गये प्रत्येक बीमा मध्यस्थ के कार्यालय एवं कृषकों द्वारा सम्पर्क करने के समय व दिन आदि का बैंक शाखाओं/बीमा ईकाई-ग्राम पंचायत/ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा।
- क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा टोलफ्री नं0 जारी किये जायेंगे, जिसके माध्यम से कृषकों/बैंकों/सम्बन्धित विभागों द्वारा योजना से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जा सके तथा आपदा की स्थिति में दावा की सूचना क्रियान्वयन अभिकरण को दी जा सके। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा टोल फ्री नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार जनपद/तहसील/विकास खण्ड/न्याय पंचायत/ग्राम पंचायत/ग्राम स्तर पर कृषकों के मध्य सुनिश्चित कराया जायेगा।
- क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा जिन ग्राम पंचायतों में योजना लागू हो, उन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को योजना का संक्षिप्त विवरण, क्षतिपूर्ति एवं लाभार्थी कृषकों का विवरण उपलब्ध कराया जायेगा।
- योजना के प्रभावी क्रियान्वयन व प्रचार-प्रसार में खण्ड विकास अधिकारियों, पंचायती राज विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा ।

(17 (कृषकों की समस्याओं पर कार्यवाही -बीमा कम्पनी द्वारा कृषकों/सम्बन्धित संस्थाओं/विभागों द्वारा संदर्भित की गई समस्याओं/कठिनाईयों/सूचनाओं का तत्परता से निस्तारण/सूचनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायेगी। जनसूचना /जनसुनवाई/कोर्टकेस/लोकसभा प्रश्न/राज्यसभा प्रश्न/ विधानसभा प्रश्न/विधान परिषद प्रश्न/उपभोक्ता फोरम/जन प्रतिनिधियों द्वारा की गयी प्रेक्ष्याओं/कार्यवाही को निर्धारित समय-सीमा में उत्तर/निष्पादन सुनिश्चित कराया जायेगा।

